तापमान
अधिकतम 40 .0 डिग्री
न्यूनतम 29 .3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, रविवार, 30 जून 2024

16 सुभाष पार्क फूडकोर्ट के दोनों हॉल खाली भुगतान किए बिना...


16 कारगिल युद्ध स्मारक के लिए रवाना


## खबर संक्षेप

### पानीपत पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने सनौली यमुना पुल के पास नाकाबंदी कर नशा तस्कर अजीत पुत्र रणधीर निवासी गांव गोला खुर्द जिला पानीपत को 300 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपी अजीत के खिलाफ थाना सनौली में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया।

### मैकेनिकल इंजीनियर पर किया हमला

**पानीपत।** पानीपत के न्यू दीवान नगर, कच्चा कैंप निवासी मैकेनिकल इंजीनियर सौरव कुमार पर बाइक सवार नकाबपोश युवकों ने हमला कर दिया। युवकों ने सौरव को डंडों से पीटा और लैपटॉप भी तोड़ दिया।इधर, थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने सौरव की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कट्टे के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने चौटाला रोड पर गौशाला के पास से अक्षय पुत्र पवन निवासी वीर भवन चौक, पानीपत को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। सीआईए टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी अक्षय के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### 48 कटड़ों से भरा कंटेनर पकड़ा

**बराड़ा।** 48 भैंसों के कटड़ों से भरे एक कंटेनर को पकड़ा है। इस कार्रवाई में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जो भैंसों के कटड़ों को वध के लिए उत्तर प्रदेश ले जा रहे थे।

# प्राण वायु देवता पेंशन स्कीम के तहत कुरुक्षेत्र में 68 पेड़ों के मालिकों को मिल रही पेंशन

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र

■ पेंशन पहले 2500 रुपये थी जोकि अब बढ़ाकर 2750 रुपये वार्षिक कर दी गई

प्रदेश सरकार बुजुर्ग लोगों को दी जाने वाली पेंशन की तर्ज पर 75 वर्ष से ज्यादा आयु के पेड़ों को भी पेंशन दे रही है। यह पेंशन पहले 2500 रुपए थी जोकि अब बढ़ाकर 2750 रुपये वार्षिक कर दी गई है। यह पेंशन हरियाणा प्राण वायु देवता पेंशन स्कीम के तहत दी जा ही है। प्राण वायु देवता पेंशन



स्कीम के तहत जिला में 68 पेड़ों के मालिकों को 2750 रुपए वार्षिक पेंशन दी जा रही है। स्कीम के तहत जिन घरों के आंगन में और खेत में लगे हुए 75 वर्ष से अधिक आयु के पेड़ होंगे वे इसके हकदार होंगे। यह राशि पेड़ के मालिक के बैंक खाते में भेजी जाती है। जिला वन राजिक अधिकारी शमशेर सिंह ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रयासरत है। पेड़-पौधों से ही हमें जीवन-रक्षक ऑक्सीजन मिलती है, अगर हम सचेत नहीं हुए तो पेड़ों की कटाई से ऑक्सीजन की उपलब्धता मुश्किल हो जाएगी, ऑक्सीजन की आवश्यकता एवं विकटता को पूरा विश्व कोरोना काल में भली-भांति देख चुका है। मानव जाति के लिए बेहतर यही है कि समय रहते संाल जाए। उन्होंने बताया कि इसमें एक ही बीज से उत्पन्न पेड़ों को शामिल किया गया है। फिक्स बेंगालेंसिस की तरह एक बीज से उत्पन्न होने वाले पेड़ों के उपवन को ाी एक ही पेड़ माना जाएगा। शमशेर सिंह ने बताया कि इसमें छोटे किसान और गरीब मजदूरों को जोड़ा जा रहा है ताकि वह अपने खाली समय में पेड़ों की देखााल करके पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सके और इसके बदले में कुछ पैसे ाी कमा सकें। जहां से एक तरफ पेड़ों के संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा वहीं दूसरी तरफ कम आय वाले लोगों की छोटी मोटी जरूरतें भी पूरी हो पाएंगी।

### वायु गुणवत्ता में होगा सुधार

जिला वन राजिक अधिकारी शमशेर सिंह ने बताया कियोजना में गिरे हुए पेड़, खोखले, मृत, सूखे और रोगग्रस्त पेड़ तथा वन ाूमि पर खड़े हुए पेड़ शामिल नहीं किए जाएंगे। इससे पेड़ों की कटाई में कमी आएगी जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अच्छा कदम है। इस योजना की सहायता से पेड़ों की कटाई पर रोक लगेगी, साथ ही ज्यादा से ज्यादा लोग पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित होंगे। यह योजना कम आयु वर्ग के लोगों के लिए एक छोटे रोजगार के सामान होगी। किसानो की आय में वृद्धि होगी।



### विभाग में करे आवेदन

जिला वन राजिक अधिकारी शमशेर सिंह ने बताया कि प्राण वायु देवता पेड़ की पेंशन हर वर्ष ओल्ड एज सम्मान पेंशन स्कीम की तर्ज पर हर वर्ष बढ़ाई जाती रहेगी। उन्होंने बताया कि इस योजना का फायदा उठाने के लिए जिला कार्यालय, रेंज अधिकारी व विभाग के पिहोवा कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। शमशेर सिंह ने बताया कि योजना का लाा हरियाणा प्रदेश के 75 वर्ष से अधिक आयु के पेड़ों के केयर टेकर को दिया जाएगा। लााार्थियों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जाती है।

# खालिस्तानी अमृतपाल को सांसद पद की शपथ नहीं लेने देंगे: वीरेश



पानीपत। एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया व विश्व हिन्दू तख्त के नेता वीरेश शांडिल्य प्रेस वार्ता करते हुए। फोटो : हरिभूमि

■ मदन भारद्वाज बने विश्व हिन्दू तख्त के कार्यकारी हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष

**पानीपत।** एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्व हिन्दू तख्त के अंतरराष्ट्रीय प्रमुख वीरेश शांडिल्य शनिवार को प्रेस वार्ता में कहा कि खालिस्तानी और आईएसआई के एजेंट अमृतपाल सिंह को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ दिलाई तो उनका संगठन इसका विरोध करेगा। शांडिल्य ने घोषणा की कि यदि अमृतपाल सिंह डिब्रगढ़ जेल से दिल्ली शपथ लेने आएगा तो एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के सदस्य उसे काले झंडे दिखाएंगे व उसके खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि अमृतपाल सिंह को वोट देने वाले कट्टरपंथी हैं जो पंजाब में खालिस्तान चाहते हैं, वहीं, किसी कीमत पर भी पंजाब में खालिस्तानी मुहिम को सिर उठाने नहीं दिया जाएगा। इस अवसर पर मुकुल गोयल, करण आनंद, उवी श्रम, कपिल गिरधर, अनिल बजाज, नवीन मनचंदा, दिनकल आनंद मौजूद थे। वहीं, शांडिल्य ने मदन भारद्वाज को विश्व हिन्दू तख्त का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया।

# किसान तैयार कर रहे हैं ऑर्गेनिक गुड़ व शक्कर, कई बीमारियों में कारगर साबित

## नाबार्ड की ओर से पंचायत भवन अंबाला शहर में तीन दिवसीय तरंग मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

■ मेले में पड़ोसी राज्यों से भी किसान अपने तैयार उत्पाद लेकर आए

नाबार्ड द्वारा पंचायत भवन अंबाला शहर में आयोजित तीन दिवसीय तरंग मेले में अपने उत्पाद लेकर पहुंचे एफपीओ से जुड़े किसानों ने अपने अनुभव सांझा किए। ज्यादातर किसानों ने कहा कि तरंग मेले में आकर उन्हे लाभ मिला है। जिला यमुनानगर के रणजीतपुर से तरंग मेले में पहुंचे बिलासपुर कौशल डेयरी फार्म प्रोडयूसर कंपनी के अमरपाल आर्य ने बताया कि उनके एफपीओ से लगभग 200 किसान जुडे हुए हैं। 10 डायरेक्टर हैं। उन्होंने बताया कि उनके एफपीओ को नाबार्ड से




अंबाला। मेले में अपने उत्पाद प्रदर्शित करता एक किसान।

■ एफपीओ से जुड़े किसानों ने मेले में अपने अनुभव सांझा किए

आर्थिक मदद मिलने के साथ-साथ ट्रेनिंग भी दिलवाई गई है। वे ऑर्गेनिक तरीके से गुड, शक्कर, देशी गाय का देशी घी जैसे उत्पाद तैयार कर लोगों को उचित दाम पर उपलब्ध करवा रहे हैं। उनके उत्पाद को देखने और खरीदने में लोग भी रूचि ले रहे हैं। राजस्थान से आए पुष्कर किसान प्रदीप कुमार ने बताया कि उनके एफपीओ के साथ लगभग 500 किसान जुड़े हुए हैं। वे लोग गुलकंद, आंवला कैंडी, शरबत, मेथी, पुदीना जैसे उत्पाद तैयार कर बिक्री कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि लगभग तीन साल से उनका एफपीओ काम कर रहा है। आंवला की चटपटी कैंडी जोकि प्रोसेस करके बनाई जाती है उसकी सबसे अधिक डिमांड है। किसान संजय ने बताया कि उनके एफपीओ से लगभग 500 किसान जुड़े हैं। वे ऑर्गेनिक तरीके से दालें, हल्दी, जीरा, धनिया जैसे उत्पाद तैयार करते हैं। लोगों में भी उनकी डिमांड है।

### राजस्थान की महिलाएं मोटे अनाज से तैयार उत्पाद लेकर पहुंची

फतेहगढ़ साहिब के डायरेक्टर भगवंत सिंह ने बताया कि उनके एफपीओ से 300 किसान जुड़े हैं। यह लगभग डेढ़ साल से काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि नाबार्ड द्वारा उन्हें ग्रांट देने के साथ-साथ ट्रेनिंग भी दी गई है। उनके एफपीओ के साथ जुडे किसान हल्दी, मूंग तथा शहद और नेचुरल तरीके से बीपूलन मधुमक्कखी के माध्यम तैयार होता है, उसकी बेहद डिमांड है। उन्होंने कहा कि बीपूलन स्वास्थ्यवर्धक होने के साथ-साथ शुगर और कोलेस्ट्रोल कम करने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने में काफी कारगर है। उन्होंने बताया कि बी-पूलन की 100 ग्राम की कीमत 200 रुपये रखी गई है। श्री श्याम स्वयं सहायता समूह सीकर राजस्थान से जुड़ी महिलाएं भी मोटे अनाज जैसे बाजरा, जौ, रागी से तैयार उत्पाद को लेकर तंगर मेले में पहुंची है। इस समूह से जुड़ी महिला रिंकू ने बताया कि बाजरे की नमकीन, बाजरे के बिस्कुट, कुकीज, लडडू, जौं की कुकीज, बिस्कुट, रागी की कुकीज जैसे स्वादिष्ट व्यंजन उनकी समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए जाते है। उन्होंने बताया कि बाजरे की नमकीन की कीमत 120 रुपये की 250 ग्राम है। एफपीओ से जुड़े किसानों तथा स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने तरंग मेला आयोजित करने के लिए नाबार्ड का धन्यवाद किया है।

# भाकिसं यमुनानगर जिले में दस हजार पौधों का करेगा रोपण: चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर के किसान भवन में आयोजित बैठक में अपने विचार रखते हुए भाकिसं के सदस्य।

■ किसान भवन में आयोजित हुई भारतीय किसान संघ की बैठक में लिया निर्णय

भारतीय किसान संघ के सदस्यों की शनिवार को यमुनानगर के किसान भवन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष रतन सिंह देवधर ने की। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में संघ के प्रांतीय महासचिव रामबीर सिंह चौहान मौजूद रहे। संघ के प्रांतीय महामंत्री रामबीर सिंह चौहान ने बताया कि संघ की बैठक में पर्यावरण संरक्षण के लिए यमुनानगर जिले में दस हजार पौधे लगाए जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में जिला कार्यकारिणी का चुनाव 15 जुलाई को और ब्लॉक कार्यकारणियों का चुनाव 10 जुलाई को करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा बैठक में जिला कार्यकारिणी व ब्लॉक कार्यकारणियों का चुनाव संपन्न करवाए जाने को लेकर जिले के सभी सात खंडों के चुनाव अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जिनमें नरेश कांबोज का रादौर खंडा का चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं, जगाधरी खंड का चुनाव अधिकारी सुरेश कनालसी, छछरौली खंड का चुनाव अधिकारी मोहकम सिंह दड़वा, प्रताप नगर खंड का चुनाव अधिकारी रतन सिंह देवधर, बिलासपुर खंड का चुनाव अधिकारी सुशील राणा, सरस्वती खंड का चुनाव अधिकारी पिंटू राणा व यमुनानगर की नगर इकाई का चुनाव अधिकारी प्रताप सिंह खजूरी को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि एक जुलाई से देश भर में भारतीय किसान संघ द्वारा पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में यमुनानगर जिला में संघ ने दस हजार पौधारोपण करने का लक्ष्य रखा है। मौके पर संघ के जिला अध्यक्ष पिंटू राणा ने संघ द्वारा निर्धारित किए गए पौधारोपण के लक्ष्य को पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी विकास राणा, प्रांतीय गन्ना प्रमुख प्रताप सिंह राणा, लख्मीचंद, सुरेश कनालसी, जिंद्र सिंह अमादलपुर, मोहकम सिंह, पवन कांबोज, सुरेश कांबोज, सुशील, मोहन सिंह, राजदीप सिंह व मदन सिंह आदि मौजूद रहे।

# महिला को बातों में उलझाकर सोने की बालियां और एक हजार ले उड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



■ पुलिस ने दो अज्ञात लोगों के खिलाफ किया केस दर्ज

शहर की द्वारका पुरी कॉलोनी जगाधरी निवासी एक महिला को दो व्यक्तियों ने बातों में उलझा कर उससे सोने की बालियां व एक हजार रुपए ठग लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार जगाधरी की द्वारिकापुरी कॉलोनी निवासी वीजा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शुक्रवार को सुबह 11 बजे खेड़ा बाजार से दवाई लेकर घर आ रही थी। जब वह कॉलोनी के मोड पर नारियल वाले के पास रूकी तो वहां पर उसे दो व्यक्ति मिले। आरोपियों ने उसे बातों में उलझा कर अपनी बालियां पर्स में डालने को कहा। उसने आरोपियों की बातों में आकर अपनी बालियां पर्स में डाल ली। इसके बाद आरोपियों ने उसे कहा कि उसे भगवान के दर्शन होंगे और बातों में लगाकर उससे उसका पर्स ले लिया। पर्स में सोने की बालियां और करीब एक हजार रुपए थे। इसके बाद आरोपी बाइक पर सवार होकर रक्षक बिहार नाके की तरफ चले गए।

आरोपियों के जाने के बाद उसने आरोपियों का पीछा करने का प्रयास किया मगर आरोपी मौके से भाग निकले। उसने मामले की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 379 में 420 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### अस्पताल में डायरिया पीड़ित युवती के साथ छेड़खानी

**पानीपत।** पानीपत की देवी मूर्ति कालोनी में स्थित आस्था अस्पताल में कंपाउंडर ने डायरिया पीड़ित युवती के के साथ छेडखानी की। वहीं, थाना सिटी को दी शिकायत में एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 19 वर्षीय बेटी डायरिया से पीड़ित है और उसका आस्था अस्पताल में उपचार चल रहा है। शुक्रवार की रात को कंपाउंडर आया और बेटी को इंजेक्शन लगाने की बात कही। उसने मां-बाप को कमरे से बाहर निकाल लिया और अंदर से कमरा बंद कर लिया, इस समय युवती बेहोशी की हालत में थी। कंपाउंडर के चलते जाने बाद मां व पिता कमरे में गए तो उनकी बेटी रो रही थी। बेटी ने उन्हें बताया कि कंपाउंडर ने उसके साथ शारीरिक छेड़खानी की है। लड़की ने बताया कि जब उसे होश आया तो कंपाउंडर ने अपनी पेंट खोली हुई थी। उन्होंने बताया कि मामले की डॉक्टर डॉ सुनील महाजन को सूचना दी। डॉ महाजन मौके पर आए और लडकी से पूरे मामले की जानकारी लेने के बाद कंपाउंडर को नौकरी से निकालते हुए अस्पताल से बाहर कर दिया।

# शूटिंग चैंपियनशिप के लिए निकिता का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



एनसीसी कैडेट निकिता।

■ प्रतियोगिता 3 से 15 जुलाई तक तिरुचिरापल्ली में आयोजित की जाएगी

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर की एनसीसी कैडेट निकिता को अखिल भारतीय अंतर निदेशालय शूटिंग चैंपियनशिप में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ एनसीसी निदेशालय का प्रतिनिधत्वि करने के लिए चुना गया है। यह प्रतियोगिता 3 जुलाई से 15 जुलाई तक तिरुचिरापल्ली में आयोजित की जाएगी।

कालेज प्रिंसिपल डॉक्टर मेजर हरद्रिं सिंह कंग ने बताया कि यमुनानगर की एक प्रतिभाशाली कैडेट निकिता जिले से एकमात्र प्रतिनिधि हैं और अंबाला समूह से चुने गए चार कैडेटों में से एक हैं। उनके प्रभावशाली कौशल ने उन्हें पहले ही इंटर ग्रुप शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक दिला दिया है। प्रिंसिपल डॉ. हरिंदर सिंह कंग ने निकिता को उसकी उपलब्धि पर बधाई दी और उसे प्रशक्षिति करने वाले 14 हरियाणा बीएन एनसीसी यमुनानगर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जरनैल सिंह और प्रशासक अधिकारी कर्नल संदीप शर्मा के प्रयासों की सराहना की। गुरु नानक खालसा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह ने निकिता को तैयार करने के लिए कॉलेज एनसीसी अधिकारी डॉ. जोशप्रीत सिंह और सुश्री रविता सैनी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कॉलेज की ओर से निकिता को आगामी चैंपियनशिप के लिए शुभकामनाएं दी और वश्विास जताया कि वह संस्थान और क्षेत्र को गौरवान्वित करेगी।

## गोवंशजों से परेशान लोगों ने प्रशासन से की उन्हें पकड़कर गोशाला में भेजने की मांग

# बेसहारा घूम रहे गोवंशजों से रादौरवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर के रादौर में घूमते हुए बेसहारा गोवंशज। फोटो : हरिभूमि

रादौर में सैकड़ों की संख्या में घूम रहे गोवंशजो से कस्बावासी परेशान हो गए हैं। कस्बासियों का कहना है कि बेसहारा गोवंशज गलियों, सड़कों व बाजार और मोहल्लों में घूमकर जहां हादसों का कारण बन रहे हैं, वहीं, वह उत्पात मचा रहे हैं। कई गोवंशज लोगों को चोटिल भी कर रहे हैं। उन्होंने बेसहारा घूम रहे गोवंशजो को तुरंत पकड़े जाने की मांग की है।

कस्बा निवासी सुरेश, रमेश, मंगतराम, सचिन, अरुण, जय सिंह, भोला व पवन आदि ने बताया कि रादौर व उसके आसपास के क्षेत्र में सैंकड़ों की संख्या में बेसहारा गोवंशज घूम रहे हैं। बेसहारा गोवंशज जहां रादौर के नजदीक लगते खेतों में फसलों में उत्पात मचा रहे हैं। वहीं, वह सड़कों, गलियों व बाजार तथा कॉलोनियों में लोगों को चोटिल कर रहे हैं और हादसों का कारण बन रहे हैं। आलम यह है कि रादौरवासी रात दिन बेसहारा गोवंशजों को लेकर पहरा देने पर मजबूर हो गए हैं। उन्होंने बताया कि बेसहारा गोवंशज आपस में भी लड़ाइयां करके आसपास के क्षेत्र में तोड़ फोड़ करके लोगों का कीमती सामान नष्ट कर रहे हैं। वहीं, अधिकांश गोवंशज राह चलते लोगों पर जानलेवा हमला करके उन्हें चोटिल कर रहे हैं। लोग किसी तरह इन बेसहारा गोवंशजों से अपने आपको बचा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बेसहारा गोवंशजो के कारण अब गलियों से निकलने में भी डर लगने लगा है। उन्होंने नगरपालिका प्रशासन से कस्बा व उसके आसपास सैकड़ों की संख्या में घूम रहे बेसहारा गोवंशजो को पकड़कर गोशाला में छोड़े जाने की मांग की है।

### गोवंशजों को पकड़ने के लिए नपा चलाएगी अभियान

नगरपालिका रादौर के सफाई निरीक्षक मंदीप सिहाग ने बताया कि कस्बा व उसके आसपास घूम रहे गोवंशजो को पकड़ने के लिए नपा जल्द ही अभियान चलाएगी। सभी गोवंशजो को पकड़कर गोशाला में छोड़ने का काम किया जाएगा।

# प्राइवेट अस्पतालों में एक जुलाई से नहीं होगा आयुष्मान योजना के तहत इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

■ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के बैनर तले एकजुट हुए जिलेभर के प्राइवेट चिकित्सक

अब कुरुक्षेत्र जिला के साी प्राइवेट हॉस्पिटल में 1 जुलाई के बाद आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत मरीज का उपचार नहीं हो सकेगा क्योंकि प्रदेश के सभी प्राइवेट हॉस्पिटल संचालकों ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। क्योंकि केंद्र सरकार आयुष्मान भारत योजना के तहत प्राइवेट हॉस्पिटलों के बिलों का भुगतान नहीं कर पा रही। यही वजह है कि प्राइवेट हॉस्पिटल संचालकों ने यह कड़ा कदम उठाना पड़ा है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन डॉ ऋषि पाल गुप्ता, डॉ सुरेंद्र मेहता, अमन अग्रवाल, डॉ अनुराग कौशल व डॉक्टर राकेश भारद्वाज का प्रतिनिधिमंडल इस मामले को लेकर ज्ञापन सौंपने उपायुक्त कार्यालय पहुंचा जहां इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्यों ने उपयुक्त शांतनु शर्मा को ज्ञापन सौंपा। डॉ सुरेंद्र मेहता एवं डॉ अमन ने बताया कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की यह भी मांग है कि आयुष्मान योजना के तहत नए पैकेज लागू करें। इसके अलावा साी समस्याओं का स्थाई समाधान निकाला जाए। अस्पतालों पर वित्तीय संकट को जल्द से जल्द दूर किया जाए।



लघु सचिवालय में उपायुक्त शांतनु शर्मा को ज्ञापन सौंपते चिकित्सक।

## खबर संक्षेप

### शिविर में जांचा 270 मरीजों का स्वास्थ्य

**यमुनानगर।** राष्ट्रीय जनकल्याण सेवा मंच के तत्वावधान में शनिवार को शहर के आजाद नगर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 270 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाइयां वितरित की गई। शिविर का शुभारंभ मंच के संयोजक डॉ. दिनेश कुमार ने किया। शिविर में डॉ. राजीव गुप्ता, डॉ. शशी व डॉ. नीरज शर्मा की टीम ने अपने अन्य सदस्यों के साथ 270 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाईयां वितरित की गई। इस दौरान अधिकांश मरीज मलेरिया, खांसी व पेट के रोगों से पीड़ित पाए गए। जिन्हें मौके पर दवाइयां दी गई।

### दुकान में चोरी करने घुसे दो युवकों को पकड़ा

**यमुनानगर।** जगाधरी की रूपनगर कॉलोनी स्थित डीजे साउंड की दुकान में चोरी करने की नीयत से घुसे दो युवकों को लोगों ने पकड़ लिया। लोगों ने दोनों आरोपियों की धुनाई कर उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। पंजाब के पटियाला निवासी शुभनित उर्फ मोंटी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने जगाधरी की रूपनगर कॉलोनी में डीजे साउंड के नाम से दुकान की हुई है। वह 28 जून को रात साढ़े नौ बजे दुकान पर चक्कर लगाने के लिए आया था। उसने देखा कि उसकी दुकान का गेट खुला हुआ है और अंदर दो युवक घुसे हुए हैं। आरोपी युवकों ने डीजे के दो बॉक्स चोरी करने के लिए दुकान से बाहर रखे हुए हैं। उसने अन्य लोगों को मौके पर बुलाकर आरोपी युवकों को पकड़ लिया। आरोपी युवकों की पहचान जोगिंदर नगर निवासी सावेद व सुनील के रूप में हुई। दोनों आरोपी युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया।

### सामुहिक विवाह समारोह आज

**पानीपत।** प्रारंभ एक नई शुरूआत संस्था द्वारा 30 जून को सामुहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए संस्था के प्रधान सिद्धार्थ गुप्ता ने बताया कि संस्था समय समय पर सामाजिक व धार्मिक कार्यों में अग्रसर रहती है। संस्थापक दीपक गोयल ने बताया कि एक बार फिर संस्था हिन्दू रीति अनुसार समाज के सभी जाति वर्ग के लिए 30 जून को सेक्टर 25 स्थित दी एंबियंस गार्डन में 21 जोडों का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करने जा रही है।

## कृषि मंत्री ने बैठक में अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

# अधूरे विकास कार्य जल्द करवाएं पूराः कंवरपाल

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने पंचायती राज अधिकारियों व पंचायत समिति चेयरमैनों की आयोजित बैठक में की विकास कार्यों की समीक्षा



**यमुनानगर।** सेक्टर 17 स्थित यमुना कमल में आयोजित बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कृषि मंत्री कंवरपाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने अधिकारियों को जगाधरी विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों को aजल्द पूरा करवाए जाने के निर्देश दिए। यदि विकास कार्यों को पूरा करने में कोई प्रशासनिक अड़चन आती है तो उसे समय रहते हल करें। ताकि विकास कायारें में देरी न हो। उन्होंने उक्त निर्देश जगाधरी के सेक्टर 17 स्थित यमुना कमल कार्यालय में आयोजित पंचायती राज अधिकारियों व पंचायत समिति के चेयरमैनों की बैठक में दिए।

मौके पर उन्होंने विकास कार्यों की समीक्षा भी की। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल को बैठक में पंचायत समिति के चेयरमैनों ने अवगत करवाया कि पंचायत समितियों के पास धन की कोई कमी नहीं है। मगर ठेकेदार समय पर काम नहीं कर रहे हैं। जिसके कारण विकास कायारें में देरी हो रही है। उन्होंने कृषि मंत्री से अनुरोध किया कि वह मैनुअल काम करवाने की अनुमति पंचायत समितियों को दिलवाएं। ताकि आने वाले दो महीने में जो भी विकास कार्य चल रहे हैं या होने हैं उन्हें पूरा करवाया जा सकें। कृषि मंत्री कंवरपाल ने पंचायत समिति के चेयरमैनों को आश्वासन दिया कि वह इस संबंध में मुख्यमंत्री नायब सैनी से बातचीत करेंगे और बीच का रास्ता निकालने की बात करेंगे।

उन्होंने पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह ठेकेदारों से मिलकर विकास कायोंर् में तेजी लाएं। जो विकास कार्य करवाने के नियम हैं उसके तहत कोई अन्य रास्ता निकालें। जिससे कि विकास कार्य समय पर हो सकें। मौके पर सभी ब्लाक समिति के चेयरमैनों ने एक मत से मंत्री से अनुरोध किया कि वह सीईओ जिला परिषद से कहें कि वह 50 प्रतिशत विकास कार्य मैनुअल करवाने की अनुमति दें। जबकि नियमानुसार यह विकास कार्य टेंडर से होते हैं। टेंडर देरी से होने के कारण काम कई कई महीने देरी से हो रहे हैं।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह,पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता लव कुमार, बीडीपीओ श्याम लाल, सचेत कुमार व कार्तिक, ब्लॉक समिति प्रतापनगर के चेयरमैन वीरेन्द्र, वाईस चेयरमैन राजीव, सरस्वती नगर ब्लॉक समिति के चेयरमैन रविन्द्र, रादौर ब्लॉक समिति के चेयरमैन विपिन कांबोज, जगाधरी के ब्लॉक समिति के चेयरमैन ओमबीर, सढौरा ब्लॉक समिति के चेयरमैन प्रवीण कुमार, बिलासपुर ब्लॉक समिति के चेयरमैन भूषण गुर्जर व छछरौली ब्लॉक समिति के चेयरमैन राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# सफाई अभियान चलाकर लोगों को दिया स्वच्छता का संदेश

- रोटरी क्लब ने रादौर के लोगों की आस्था के केंद्र पक्का घाट पर चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर



**यमुनानगर।** पक्का घाट पर सफाई अभियान में भाग लेते हुए रोटरी क्लब के सदस्य।

रोटरी क्लब रादौर द्वारा लोगों की आस्था के केंद्र कस्बा के पक्का घाट पर शनिवार को सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने घाट पर पड़ी गंदगी को झाड़ लगाकर साफ किया और लोगों रकों स्वच्छता का संदेश दिया। क्लब के प्रधान निर्मल बैंडी व महिला प्रधान पूजा माटिया की देखरेख में चलाए गए सफाई अभियान में रोटरी क्लब रादौर के सदस्यों व नपा सफाई कर्मचारियों ने पक्का घाट व उसके आसपास पड़ी गंदगी को साफ किया और कूड़ा कर्कट उठाकर वातावरण को स्वच्छ किया गया। मौके पर प्रधान निर्मल बैंडी ने बताया कि क्लब की ओर से हर महीने के अंतिम शनिवार को पक्के घाट की सफाई करवाई जाती है। पक्का घाट स्थानीय लोगों द्वारा 1834 में बनवाया गया था। जिसका धार्मिक दृष्टि से बहुत महत्व है। हर त्योहार व शुभ कार्यों पर स्थानीय लोग अपने धार्मिक अनुष्ठान के लिए पक्के घाट पर पहुंचते हैं। मौके पर डॉ. एससी सैनी, मोहनलाल अरोड़ा, देवीदयाल अरोड़ा, मास्टर गुरचरण सिंह, संदीप सैनी व रानी सैनी आदि मौजूद रहे।

# सीनियर सेकेंडरी की रि-अपीयर परीक्षा तीन से

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर

- हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा परीक्षा का आयोजन 3 जुलाई से 11 जुलाई तक



- परीक्षा के लिए प्रशासन ने किए कड़े इंतजाम, जिले में लगाई धारा 144

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा सीनियर सैकेंडरी (रि-अपीयर) की परीक्षाएं 3 जुलाई को शाम 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित की जाएंगी। जबकि सैकेंडरी (शैक्षिक)पूर्ण विषय (रि-अपीयर)अंक सुधार की परीक्षा सायं 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित की जाएंगी। उक्त जानकारी जिलाधीश एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। जिलाधीश एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा परीक्षाओं को सुचारू ढंग व नकल रहित करने के उदेश्य से विशेष प्रबंध किए हैं व परीक्षा केन्द्रों के नजदीक आवश्यकता अनुसार पुलिस सहायता उपलब्ध करवाने तथा बाहरी हस्ताक्षेप को रोकने के लिए धारा 144 के आदेश जारी किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि भिवानी बोर्ड की उक्त परीक्षाओं को शांति पूर्ण व नकल रहित आयोजित करने के लिए दंड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश दिए हैं कि जिला में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने व शांति बनाए रखने हेतु जनता का कोई भी प्रतिनिधि जिला यमुनानगर में आयोजित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों के नजदीक न तो कोई जनसभा करेगा और न ही किसी स्थल पर चार या उससे अधिक व्यक्ति इकट्ठे होंगे।

# नालों की सफाई कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर



**यमुनानगर।** जगाधरी में की जा रही नालों की सफाई का अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए उप निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव। *फोटो : हरिभूमि*

मानसून के सीजन में तेज बारिश होने पर शहर में जल भराव की समस्या ना हो के लिए ट्विन सिटी में नालों व सीवरेज सफाई अभियान चलाया हुआ है। इस सफाई अभियान के तहत निगम के उप आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव ने अधिकारियों के साथ नालों व सीवरेज की सफाई का निरीक्षण किया। उनिगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर उप निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव ने पब्लिक हेल्थ के एक्सईएन, जेई, निगम के सीएसआई हरजीत सिंह, सफाई निरीक्षक अमित कांबोज, जेई गगन संधू व अन्य अधिकारियों के साथ सबसे पहले जगाधरी के प्रकाश चौक पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने बड़े नाले की सफाई का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने पब्लिक हेल्थ के सीवरेज का भी निरीक्षण किया। सीवरेज के ढक्कन व जालियां खोलकर सफाई की जांच की। इस दौरान जहां गंदगी मिली उन स्थानों की तुरंत सफाई कराने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने मटका चौक, घास मंडी, झंडा चौक, बुड़िया गेट, पुलिस चौकी, बस स्टैंड, जगाधरी के सेक्टर 17 से निकल रहे नालों की सफाई व्यवस्था की जांच की।

# बिना अनुमति अनुपस्थित रहने वाले कर्मी पर गिरेगी गाज

- उप निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल ने निगम कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर



**यमुनानगर।** निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण करते हुए उप निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव। *फोटो : हरिभूमि*

नगर निगम यमुनानगर-जगाधरी कार्यालय में शनिवार को उप निगमायुक्त डॉ. विजय पाल ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी शाखाओं में जाकर हाजिरी रजिस्टर जांचें। जांच में 13 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। जिनकी मौके पर गैरहाजिरी लगाई गई और उन्हें स्पष्टीकरण दिए जाने के निर्देश दिए। अनुपस्थित कर्मचारियों को सोमवार तक अनुपस्थित रहने का कारण स्पष्ट करना होगा। उचित कारण न होने पर अनुपस्थित रहे कर्मचारियों का वेतन काटा जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों को चेतावनी दी कि कोई भी कर्मचारी बिना अनुमति अनुपस्थित नहीं रहेगा। ऐसा करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी। निगम के उप निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव शनिवार सुबह क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया के साथ शहीद भगत सिंह चौक स्थित निगम कार्यालय के औचक निरीक्षण पर निकले। सबसे पहले वह नागरिक सुविधा केंद्र पहुंचे। जहां उन्होंने कर्मचारियों की हाजिरी जांची। जो कर्मचारी बिना बताए केंद्र से गायब मिले। उनकी मौके पर ही अनुपस्थिति दर्ज की गई। इसके बाद उप निगम आयुक्त डेयरी डिस्पैच शाखा, स्थापना शाखा, कानूनी शाखा, शिकायत शाखा, सफाई शाखा, रेंट ब्रांच, जन्म और मृत्यु शाखा, आईटी लैब, टैक्स शाखा समेत अन्य शाखाओं का निरीक्षण किया और हाजिरी रजिस्टर जांचें। जांच के दौरान हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत 13 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। उप निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव ने अनुपस्थित मिले कर्मचारियों की गैर हाजिरी लगाई। साथ ही कर्मचारियों को निर्धारित समय नौ बजे तक कार्यालय पहुंचने के निर्देश दिए। उन्होंने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि भविष्य में कोई भी कर्मचारी व अधिकारी बिना कारण अनुपस्थित पाया गया तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# रंजिश के चलते युवक पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर

- पुलिस ने चार आरोपी युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

कस्बा बुड़िया में इलेक्ट्रिक स्कूटी का चार्जर लेने आए गांव मेहर माजरा निवासी कार्तिक पर चार युवकों ने रंजिश के चलते हमला कर दिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कार्तिक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही जसबीर उर्फ लाला तथा जफर के साथ किसी बात को लेकर कहां सुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया मगर आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। कार्तिक ने बताया कि 26 जून को वह अपनी इलेक्टिक कस्कूटी का चार्जर लेने के लिए बुड़िया अड्डे पर आया था। जैसे ही वह चार्जर लेकर दुकान के बाहर निकाला तो जसबीर उर्फ लाला, जफर तथा उनके साथ खड़े गांव पांसरा निवासी आर्यन व चंडीगढ़ निवासी सनी ने उसे पकड़ लिया और उसे पर हमला कर दिया। उसने वेल्डिंग की दुकान में घुसकर अपनी जान बचाई। अन्य लोगों को आता देखकर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। उसने मामले की सूचना परिजनों व पुलिस को दी।

# ओवरफ्लो तालाब की समस्या का जल्द होगा समाधान

- अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण हरियाणा के सदस्य तेजिंद्र सिंह तेजी ने ससौली के तालाब के जल निकासी के कार्य का नारियल फोड़ कर किया शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर



**यमुनानगर।** ससौली में तालाब का अवलोकन करते हुए तेजिंद्र सिंह तेजी।

तालाब व अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण हरियाणा के सदस्य तेजिन्द्र सिंह तेजी ने जिला यमुनानगर के ससौली क्षेत्र के तालाब की वर्तमान स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर तालाब के जल निकासी के कार्य का नारियल फोड़ कर शुभारम्भ किया। तेजी ने लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द ही तालाब के ओवरफ्लो होने की समस्या से निजात मिलेगी। मौके पर उनके साथ नगर निगम के एक्सईएन विकास धीमान व जेई अरविंद मौजूद रहे। तालाब प्राधिकरण सदस्य तेजिन्द्र सिंह तेजी ने ससौली निवासी सामाजिक कार्यकर्ता शशी प्रसाद बन्दूनी की शिकायत पर संज्ञान लिया। जिसमें उन्होंने तालाब के ओवरफ्लो की शिकायत प्राधिकरण को गत दिनों की थी। तेजिन्द्र सिंह तेजी ने बताया कि कैच द रेन अभियान व अमृत सरोवर योजना के तहत प्रशासन ने तालाबों की सफाई करवा दी थी। जिसके कारण तालाब ओवरफ्लो नही हुए। फिर भी अगर कोई तालाब ओवरफ्लो होता है तो प्रशासन मुस्तैदी से पानी की निकासी का प्रबंधन करता है। इसके लिए सभी सजग है।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान नगर निगम के एक्सईएन विकास धीमान ने बताया कि तालाब का टेंडर जारी किया जा चुका है। आज जल निकासी का कार्य शुरू कर दिया गया है। मौके पर उनके साथ जिला टास्क फोर्स स्वच्छ भारत मिशन के सदस्य अजय कुमार, पार्षद प्रतिनिधि शिवराम, खुर्शीद आलम, प्रियंका, धनंजय सिंह,आशुतोष गौतम आदि मौजूद रहे।

# समारोह में पहुंचकर युवकों ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर

- समारोह में आए आधा दर्जन लोग घायल
- पुलिस ने चार आरोपी युवकों को नामजद करते हुए अन्य के खिलाफ किया केस दर्ज

शहर के ओबेरॉय पैलेस में बच्चे के जन्म के उपलक्ष में चल रहे समारोह में दर्जन भर युवकों ने आकर गंडासी व सरियों से हमला कर दिया। हमले में समारोह में आए आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पंजाब के पठानकोट निवासी पंकज शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मुंडा माजरा निवासी सौरभ शर्मा के घर पर उसके बच्चे के जन्म के उपलक्ष में आयोजित समारोह में आया था। शहर के ओबेरॉय पैलेस में कार्यक्रम किया जा रहा था। रात को करीब साढ़े 11 बजे जब वह कार्यक्रम में मौजूद थे तो दर्जन भर युवक अपने हाथों में गंडासी सरिया व बिंडे लेकर आए। आरोपियों ने आते ही उन पर हमला कर दिया। उसके दोस्त सौरभ शर्मा ने आरोपियों को पहचान लिया। हमलावरों में पप्पू भाटिया, काबल, हमीदा निवासी बग्गा व पेपर मिल निवासी छोटू थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चार आरोपियों को नामजद करते हुए केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में संवर्धन कार्यशाला का आयोजन

# सीखने की इच्छा कभी भी कम नहीं होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर



**यमुनानगर।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते हुए अध्यापक।

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल जगाधरी में अध्यापकों के लिए संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अंबाला, नारायणगढ़, साढ़ौरा, बराड़ा व यमुनानगर के डीएवी विद्यालयों के करीब 160 अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यशाला में मुख्यातिथि के रुप में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डॉ. एमसी शर्मा व हरियाणा जोन के एचकेआरओ डॉ. विकास कोहली ने भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल नारायणगढ़ के प्रधानाचार्य आरपी राठी मौजूद रहे। मुख्यातिथि एवं विद्यालय के चेयरमैन डॉ. एमसी शर्मा ने कहा कि सीखना एक ऐसी कला है जो मनुष्य जीवन में जीवन पर्यन्त निरंतर चलती रहती है। खुद को नई जानकारियों, तकनीक और आधुनिक साधनों के प्रति अध्यनरत रहने के लिए हमें हर दिन कुछ नया सीखना होता है। सीखने की प्रक्रिया जितनी विद्यार्थियों के लिए आवश्यक है उतनी ही शिक्षकों के लिए भी आवश्यक है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल जगाधरी में अध्यापकों के लिए संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि सीखने की इच्छा कभी भी कम नहीं होनी चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनूप कुमार चोपड़ा ने मुख्य अतिथियों का धन्यवाद किया तथा कार्यशाला के आयोजन के लिए एआरओ डॉ. विकास कोहली को विशेष धन्यवाद दिया। प्रधानाचार्य अनूप कुमार चोपड़ा ने बताया कि डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में गणित, सामाजिक, विज्ञान,संगीत,आर्ट एंड क्राफ्ट विषयों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसमें विशेषज्ञों ने जानकारी शिक्षकों से सांझा की।

# डीएवी में कार्यशाला का समापन

- बच्चों के सर्वांगिण विकास पर दिया जाता है ध्यान : डॉ. आर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर



**रादौर।** डीएवी स्कूल में आयोजित कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला में भाग लेते अध्यापक।

रादौर के डीएवी स्कूल में चल रही दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला का शनिवार को समापन हो गया। कार्यशाला के समापन अवसर पर स्कूल प्रबंधक डॉ. सुषमा आर्य व पंजाब विश्वविद्याल चंडीगढ़ के पूर्व खेल निदेशक डॉ. विश्व मोहिनी ने भाग लिया। कार्यशाला में लगभग 250 शिक्षकों ने भाग लिया। मौके पर आधुनिक शिक्षा में डिजिटल माध्यमो द्वारा शिक्षा को रोचक व ज्ञानवर्धक बनाने के विभिन्न आयामों को सम्मिलित किया गया। डॉ. सुषमा आर्य ने बताया कि डीएवी संस्थान आरंभ से ही देश की नई पीढ़ी को शिक्षित करने में आधुनिक व पारंपरिक पद्धति एवं विषयों का अनुसख किया जाता है। जिससे स्कूलों का सवांर्गीण विकास संभव होता है। डीएवी स्कूल के अध्यापक अपने अध्यापन में हर बच्चे पर व्यक्तिगत ध्यान देकर उनका शारीरिक व चारित्रिक विकास करते हैं। डीएवी स्कूलों में बच्चों के सर्वांगिण विकास पर ध्यान दिया जाता है। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल रमन शर्मा ने कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए व उसमें भाग लेने के लिए अध्यापकों का आभार जताया। डीएवी स्कूल अंबाला कैंट के प्रिंसिपल जयदेव शर्मा ने भी कार्यशाला में अपने विचार रखे।

### खबर संक्षेप

### मारपीट व धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने मारपीट करके जान से मारने की धमकी देने का आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना लाडवा की टीम ने मारपीट करके जान से मारने की धमकी देने के आरोप में साहब सिंह पुत्र दर्शन सिंह वासी बचगांवा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 21 जून को कुलवंत सिंह पुत्र सुच्चा सिंह वासी उदारसी जिला कुरुक्षेत्र ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। 21 जून को सुबह करीब 6 बजे वह स्कूटी से जीरी के खेत में पानी देखने गया था। जब वह वापस आ रहा था तब रास्ते मे एक कार से उसकी टक्कर होने से बची ।

### सामान चोरी करने के चार आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने ट्रांसफार्मर व सामान चोरी करने के 4 आरोपियों को मामले में शामिल तफ्तीश करके गिरफ्तार किया है। थाना बाबैन की टीम ने ट्रांसफार्मर व ट्रांसफार्मर का सामान चोरी के आरोप में नीरज उर्फ गोदू पुत्र चिरंजीलाल वासी नाहर जिला रेवाड़ी, हरदीप पुत्र प्रभात वासी मामडिया जिला रेवाड़ी, नरवीर पुत्र रतिराम वासी झाल जिला रेवाड़ी व निरंजन पुत्र इंद्र सिंह वासी रेवाना जिला अलवर राजस्थान को मामले में शामिल तफ्तीश करके गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

### जयराम महाविद्यालय में कोचिंग कैंप का समापन

**कुरुक्षेत्र।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ग्रामीण आंचल की कन्याओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने उद्देश्य से गतिमान सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय के परिसर में राष्ट्रीय सीनियर वुमन रग्बी कोचिंग कैंप चल रहा है। शारीरिक शिक्षा प्राध्यापिका एवं कैंप कॉर्डिनेटर बबीता शर्मा ने बताया कि इस कोचिंग कैंप का 30 जून को समापन होगा।

### अपराधो से बचने के लिए जागरुकता जरुरी : भोरिया

**कुरुक्षेत्र।** आमजन को साईबर अपराधों और उनसे बचने के बारे में जागरूक करने के लिए पुलिस विभाग द्वारा प्रयास लगातार जारी है। पुलिस अलग-अलग तरीकों से आमजन को जागरूक करने में जुटी है। पुलिस ने इस विषय बारे अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने का बीड़ा उठाया है। पुलिस विभाग द्वारा जहां शिक्षण संस्थानों में विधार्थियों को जागरूक कर रही है वहीं आम लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं।

### विशेष लोक अदालत का किया जा रहा आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय भारत द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में संबंधित सदस्य सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंजाब, हरियाणा एवं यूटी, चंडीगढ़ तथा सचिव उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ को अपने-अपने प्राधिकरण/समिति का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### प्रदेश में बनेगी इनेलो की सरकार : कृष्ण बूरा

**कुरुक्षेत्र।** इनेलो के थानेसर हलका के अध्यक्ष कृष्ण बूरा किरमच ने कहा कि लोकसभा चुनाव और विधानसभा में जमीन आसमान का अंतर होता है। लोकसभा चुनाव राष्ट्रीय मुद्दों पर लड़ा जाता है और विधानसभा चुनाव प्रदेश के मुद्दों पर लड़ा जाता है। कृष्ण बूरा ने कहा है कि आज हरियाणा प्रदेश की जनता को जो लाभ मिल रहा है, यह सब पूर्व उप प्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल व पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला द्वारा जनहित में की बनाई गई नीतियों की बदौलत मिल रहा है।

## विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र एक नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे : संतोष

# पीएमश्री स्कूलों के 354 स्टाफ सदस्यों ने ली नई शिक्षा नीति की जानकारियां

### स्कूलों के प्रधानाचार्य को बनाया गया नोडल ऑफिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** नई शिक्षा नीति की जानकारियां लेते स्टॉफ सदस्य।

पीएमश्री विद्यालयों के 354 स्टाफ सदस्यों ने तीन दिवसीस प्रशिक्षण में नई शिक्षा नीति की जानकारियां ली। जिले के 12 पीएमश्री स्कूलों देविदासपुरा, लाडवा, शाहबाद, उमरी, झांसा, खरीण्डवा, बारना, मंगोली जाटान, दूधला मोरथला, धुराला, धुलगड़ गुल्डहरा, बनी के 311 व दूसरे जिलों के 43 स्टाफ सदस्यों ने नई शिक्षा नीति की गहनता से जानकारी ली। जिला परियोजना संयोजक संतोष शर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर जिले के पांच खंडों थानेसर, लाडवा,पेहवा, बबैन और शाहाबाद में अलग-अलग जगह पर लगाया गया। जिसकी नोडल ऑफिसर पीएमश्री स्कूलों के प्रधानाचार्य को ही बनाया गया। वर्कशॉप वर्चुअल मीटिंग द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण का समय प्रातः 9:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक रहा। आपको बता दे कि पीएम श्री विद्यालय केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार की बेहतरीन योजना है जो अपने सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं मुहैया करवाएगी। आने वाले समय में पीएमश्री विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र एक नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे। प्रशिक्षण कार्यशालाओं का सुचारू संचालन करने के लिए एक टीम गठित की गई जिसमें जिला समग्र शिक्षा कार्यालय कुरुक्षेत्र से सहायक परियोजना संयोजक राजेश कुमार भारद्वाज, प्रदीप कुमार, क्रांति चावला, कृष्णा कुमारी, जेई महेंद्र कुमार, डाइट पलवल से जसविंदर सिंह व अपर्णा रहे।


कुरुक्षेत्र। नशा न करने की शपथ लेते प्रशिक्षु। फोटो : हरिभूमि

### जागरुकता कार्यक्रम में 107 ने ली नशा न करने की शपथ

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य परिवहन कुरुक्षेत्र के तत्वाधान में बस चालक प्रशिक्षण पर आए 107 प्रशिक्षुओं को जागरूक किया गया। यह कुरुक्षेत्र में 333वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम था जो ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने उच्चाधिकारियों के दिशानिदेर्शों से आयोजित किया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने उपस्थित प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पुलिस जनता की सेवा सुरक्षा और सहयोग के लिए है लेकिन यहाँ एक अपवाद है। कोई व्यक्ति जब असामान्य रूप से संविधान अथवा विधि का उल्लंघन करता है तब यही पुलिस ऐसे व्यक्ति को विधि अनुसार दंड दिलवाने की कार्रवाई करते हुए अपने कर्तव्य का पालन करती है। उन्होंने अनेक प्रकार से नैतिक मूल्यों पर भी चर्चा करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम दो पौधे रोपित करने के लिए प्रेरित किया। नशे पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए डॉ. वर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा राज्य को ड्रग मुक्त करने के लिए विशेष रूप से हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का गठन किया है।

## पौने 9 एकड़ भूमि गुरुद्वारे के नाम करना सराहनीय कदम : भूपिंदर

### सीएम ने दिया आस्था का प्रमाण : अजराना


**कुरुक्षेत्र।** एचएसजीएमसी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध व स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- भाजपा सरकार पहल करते हुए अमेरिका से 150 से अधिक कलाकृत्तियां भारत लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने कहा कि जिला सिरसा में सुशोभित पहली पातशाही श्री गुरु नानक देव जी के चरण छौह प्राप्त ऐतिहासिक गुरुद्वारा चिल्ला साहिब की भूमि गुरुद्वारा साहिब के नाम कर हरियाणा सरकार ने बहुत ही सराहनीय कदम उठाया है। कैबिनेट की बैठक में सीएम नायब सिंह सैनी ने यह कार्य करके गुरु साहिबान के प्रति अपनी श्रद्धा का नमूना पेश किया है। उन्होंने सिखों के प्रति अपनी साफ नियत का प्रमाण देते हुए 70 कनाल 9 मरले भूमि को गुरुद्वारा साहिब के नाम की है। उन्होंने बताया कि श्री गुरु नानक देव जी महाराज ने इस अस्थान पर संगत को श्री अकाल पुरख साहिब से जोड़ा और सद्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया था। जत्थेदार असंध ने कहा कि इससे पहले भी भाजपा सरकार सिखों के लिए अनेक कार्य कर चुकी है। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि जिस अस्थान पर उपरोक्त गुरुद्वारा साहिब का निर्माण हुआ है, वह भूमि गुरुद्वारा साहिब के नाम नहीं थी। अब हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने गुरु साहिबान एवं सिख धर्म में आस्था रखते हुए करीब पौने 9 एकड़ भूमि गुरुद्वारा साहिब के नाम करने का प्रस्ताव पास किया है, जो कि बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि भाजपा पहल करते हुए अमेरिका से 150 से अधिक कलाकृत्तियां भारत लाई, जिनमें साहिब श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी की छोटी श्री साहिब भी शामिल है।

## पिहोवा व लाडवा में आयोजित समर कैंप का हुआ समापन

- कैंप में विभिन्न आयु वर्ग के लगभग 164 बच्चों ने भाग लिया
- बच्चों को नि :शुल्क प्रशिक्षण दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ के निदेर्शानुसार समर कैंप का आयोजन 10 जून से 29 जून तक उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला बाल कल्याण परिषद् के नेतृत्व में बाल भवन कुरूक्षेत्र एवं मिनी बाल भवन पेहवा व लाडवा में किया गया। समर कैंप में बच्चों के लिए आर्ट एंड क्ा्रफट, नृत्य, मेंहदी व योगा की विधाओं का आयोजन किया गया। इस समर कैंप में विभिन्न आयु वर्ग के लगभग 164 बच्चों ने भाग लिया। जिला बाल कल्याण अधिकारी गौरव रोहिल्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि समर कैंप में बाल भवन, कुरूक्षेत्र में आर्ट एंड क्ा्रफट, नृत्य, मेंहदी व योगा की विधाओं का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया। मिनी बाल भवन पिहोवा में समर कैंप के समापन समारोह में एसडीएम अमन कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया व परिषद् द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों को सराहा। उन्होंने सभी बच्चों को अपना शुभ आशिष दिया व उन्हें जीवन में आगे बढने के लिये प्रेरित किया। मिनी बाल भवन लाडवा में समर कैंप के समापन समारोह में नगर पार्षद गुरमीत कौर ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। मुख्य अतिथि द्वारा समर कैंप की गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों की पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने कहा कि समर कैंप की गतिविधियों के दौरान बच्चों को रिफ्रेसमैंट दी गई व विभिन्न विषयों जैसे यातायात के नियम, सडक सुरक्षा, ऑनलाईन फ्राड के बारे में जानकारी देकर जागरूक करने के लिये टॉक शोज आयोजित किए गये। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। इस समर कैंप को सफल बनाने में आकांक्षा, मीना, राजकुमार, सुमीत कुमार, संगीता, राजबाला आदि ने योगदान दिया।

### कलाकारों के माध्यम से पहुंचेंगी सरकार की योजनाएं

**थानेसर।** सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग की तरफ से 1 जुलाई से लेकर 31 जुलाई तक विशेष प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाएगा। इस विशेष प्रचार अभियान के दौरान कुरुक्षेत्र जिला के सभी गांवों और शहरों के वार्डों को कवर किया जाएगा। इस जिले में विभागीय, नियमित और सूचीबद्ध ड्रामा पार्टियां कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की योजनाएं, नीतियों और उपलब्धियों को नागरिकों के समक्ष रखा जाएगा। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक मनदीप बराड़ के निदेर्शानुसार हरियाणा प्रदेश में 1 से 31 जुलाई तक विशेष प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान प्रदेश सरकार की साढ़े 9 सालों की उपलब्धियों, नीतियों, योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## माता बाला सुंदरी देवी मंदिर में रक्तदान शिविर आज

- पीजीआई चंडीगढ़ के डॉक्टरों की टीम रक्त एकत्रित करेगी
- संदीप गर्ग के जन्मदिन के उपलक्ष में शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद


**शाहबाद।** हेल्पर सोसाइटी की समाजसेविका ईशा अग्रवाल।

नगर की समाज सेवा में अग्रणीय संस्था हेल्पर्स सोसाइटी द्वारा समाजसेवी संदीप गर्ग के जन्मदिन के उपलक्ष में माता बाला सुंदरी देवी मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन 30 जून रविवार को किया जाएगा। शिविर में पीजीआई चंडीगढ़ के डॉक्टरों की टीम रक्तदाताओं का रक्त एकत्रित करेगी। हेल्पर सोसाइटी की समाजसेविका ईशा अग्रवाल ने बताया कि हेल्पर समिति के सोसाइटी के द्वारा सड़क पर होने वाले दुर्घटना के दौरान दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जाता है और अगर जरूरत हो तो एलएनजेपी कुरूक्षेत्र या फिर पीजीआई चंडीगढ़ पहुंचाया जाता है। तब तक हेल्पर सोसाइटी का वॉलिंटियर मरीज के साथ रहता है जब तक परिवार के लोग वहां नहीं पहुंचते और दवा के इलावा इलाज का खर्चा भी हेल्पर द्वारा किया जाता है। ईशा अग्रवाल ने बताया प्रतिदिन आदेश अस्पताल और मीरी पीरी अस्पताल के इलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुबह नाश्ता और दोपहर और रात को मरीज के अलावा उनके साथ आए व्यक्तियों के लिए निशुल्क भोजन की व्यवस्था रहती है। ईशा अग्रवाल ने कहा जो धन का दान करता है उसे धनदाता अन्न का दान करने वाले को अन्नदाता और रक्त का दान करने वाले को जीवन दाता कहा जाता है। हेल्पर सोसाइटी के प्रधान तिलक अग्रवाल ने बताया कि यह संस्था 2010 से समाज सेवा का कार्य कर रही है और लावारिस व्यक्तियों का दाह संस्कार भी पूरी विधि विधान से करके उनके फूल हरिद्वार गंगा जी में प्रवाहित किए जाते हैं।

## बच्चों की शिक्षा के नाम पर करोड़ों रुपये डकार गई भाजपा : विशाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** कार्यकर्ताओं को संबोधित करते आप के जिलाध्यक्ष विशाल खुब्बड़।

आम आदमी पार्टी कुरुक्षेत्र के जिला अध्यक्ष विशाल खुब्बड ने शिक्षा घोटाले में सीबीआई एफआईआर पर हरियाणा की बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हरियाणा की बीजेपी सरकार सिर से लेकर पैर तक भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। जब से बीजेपी हरियाणा में शासन में आई है उसी दिन से इन्होंने भ्रष्टाचार और लूट शुरू कर दिया। अब इसके सुबूत भी सामने आ गए हैं। सीबीआई ने तीन एफआईआर दर्ज की हैं, जब 2014 में बीजेपी सरकार बनी तो तब से लेकर 2016 तक दो साल में सरकारी स्कूलों में 4 लाख बच्चों का फर्जी दाखिला दिखाया गया। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने सरकार बनने के बाद सबसे पहला भ्रष्टाचार बच्चों की शिक्षा में किया और हमारी नींव खोखली करने के लिए किया। लेकिन अब ये सच भी सामने आ गया कि इन बच्चों के नाम पर करोड़ों अरबों रुपए का भ्रष्टाचार किया गया। उनके साथ सुमित हिंदुस्तानी, विकास तोमर, कृष्ण हथीरा, वेदप्रकाश सैनी आदि मौजूद रहे।

## भाजपा ने बेरोजगारी का बोझ युवाओं के कंधों पर लाद दिया : संदीप ओंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा


**पिहोवा।** माडल टाऊन स्थित कार्यालय में युवाओं से बातचीत करते स्वामी संदीप ओंकार। फोटो : हरिभूमि

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स्वामी संदीप ओंकार ने कहा कि प्रदेश व हलका स्तर पर युवाओं के साथ भाजपा ने विश्वासघात कर युवा विरोधी होने का परिचय दिया है। नीट और यूजीसी नेट पेपर लीक और भर्ती घोटालों के जरिए युवाओं का भविष्य धूमिल करने का काम भाजपा सरकार ने किया है। भाजपा ने बेरोजगारी का बोझ युवाओं के कंधों पर लाद दिया है। संदीप ओंकार माडल टाऊन स्थित अपने कार्यालय पहुंचे युवाओं से बातचीत कर रहे थे। स्वामी संदीप ओंकार ने युवाओं को अपनी ताकत का अहसास करवाते हुए कहा कि जब तक प्रदेश का युवा मजबूत नही होगा तब तक कोई भी देश अथवा प्रदेश प्रबल नही बन सकता। हरियाणा में भाजपा सरकार आम आदमी को जात-पात के फेर में उलझाकर अपना उल्लू सीधा करना चाहती है लेकिन हम सबको मिलकर सामाजिक तंत्र को मजबूत रखना होगा तभी विकसित व सशक्त हरियाणा का निर्माण होगा। संदीप ओंकार ने कहा कि यदि उन्हें सत्ता में भागेदारी करने का अवसर मिला तो युवाओं विशेषकर ग्रामीण परिवेश के लिए खेल, स्वास्थय, शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ी विशेष रूप से बनाई गई योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू करवाने की कोशिश करूंगा।

## रंगमंच चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नाट्य कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर


**थानेसर।** विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते आयोजक।

धरती एक रंगमंच है, यहां हर इंसान आता है, अपना किरदार निभाता है और चला जाता है। नटराज संगीत एवं नृत्य विद्यालय की पहल पर रंगमंच चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नाटक प्रशिक्षण कार्यशाला मुखौटा-1 का आयोजन उधम सिंह चौक स्थित एनएसएन विद्यालय में किया। कार्यशाला का आरंभ संस्था के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सागर फिटनेस कोच द्वारा शारीरिक व्यायाम का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के महत्व पर विचार प्रकट करते हुए संस्था के अध्यक्ष व कार्यशाला के संयोजक प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए विशेष तौर पर इस नटराज संगीत एवं नृत्य विद्यालय के अध्यक्ष राहुल शाक्य एवं कार्यक्रम संयोजक देव सक्सेना ने कार्यशाला की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह का कार्यशाला का आयोजन बार-बार होता रहना चाहिए जिससे नाटक कला में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को लाभ मिल सके।

### एलएनजेपी अस्पताल में जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र ने लगाया शिविर

# क्लब फुट से प्रभावित 34 बच्चों ने शिविर का उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** एलएनजेपी अस्पताल में बच्चे की जांच करते डा. मन्नू सोनी व इंसेट में लाभान्वित हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

क्लब फुट से प्रभावित 34 बच्चों के लिए एलएनजेपी अस्पताल में जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र द्वारा लगाया गया शिविर वरदान साबित हुआ। शिविर में पहुंचे 34 बच्चे में से जहां 32 बच्चों की नियमित जांच की गई, तो 2 बच्चों को प्लास्टर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ डिप्टी सिविल सर्जन डा. करुणा ढीगड़ा ने किया। उन्होंने बच्चों के साथ भी कुछ वक्त बिताया। केंद्र प्रबंधक सुमित शर्मा और फिजियोथेरेपिस्ट डा. सुधा ने उन्हें बच्चों की स्थिति के बारे में अवगत करवाया। डिप्टी सिविल सर्जन डा. करुणा ढीगड़ा ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से जन्मजात बीमारियों के साथ पैदा होने वाले बच्चों का निशुल्क इलाज करवाया जाता है। क्लब फुट बीमारी से ग्रस्त बच्चों को पोसेंटी पद्धति से इलाज करके ठीक किया जाता है। इसके बाद बच्चे बिल्कुल सामान्य हो जाते हैं। फिजियोथेरेपिस्ट डा. सुधा ने बताया कि क्लब फुट से प्रभावित बच्चों का पोंसेटी विधि द्वारा 3 चरणों में बहुत आसानी से इलाज किया जाता है। जिसमें प्रथम चरण कास्टिंग का रहता है। क्लब फुट के बच्चों को लगातार 4 से 8 सप्ताह तक हर हफ्ते कास्ट प्लास्टर चढ़ाया जाता है। दूसरे में टेनोटोमी। तीसरा चरण ब्रेसिंग का रहता है, जोकि 3 से 5 सालों तक चलता है। जिला हस्तक्षेप केंद्र प्रबंधक सुमित ने बताया कि शिविर जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह, डिप्टी सिविल सर्जन डा. करुणा ढींगड़ा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. अनूप मेहता और डा. मन्नू सोनी दोनों बच्चों का इलाज करते हैं।

### क्लब फुट का कारण खास वजह नहीं : डा. मन्नू

हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. मन्नू सोनी ने बताया कि क्लब फुट का कारण कोई खास वजह नहीं है। गर्भावस्था के दौरान ही अल्ट्रासाउंड में यह स्पष्ट हो जाता है। डा. इग्नासियो पोंसेटी ने पॉसेटी पद्धति विकसित की थी। 3 जून को उनके जन्मदिवस को क्लब फुट के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष इस महीने यह जागरूक अभियान चलाया जा रहा है। पोसेटी पद्धति में बच्चे को बिना आपरेशन किए ही उपचार किया जाता है। बच्चों को क्लब फुट जूते और ब्रेस दिए जाते हैं।

## निर्धन परिवार की बेटी का मिशन बुनियाद में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद


शाहबाद। काजल अपनी माता के साथ।

नगर के मारकंडा नदी के किनारे वसी मारकंडा कॉलोनी में झुग्गी झोपड़ियो में मेहनत मजदूरी करने वाले लोग अपने बच्चों के साथ रहते हैं। वहां की एक युवती काजल ने हरियाणा सरकार के द्वारा चलाए जा रहे प्रतिभावान बच्चों के लिए मिशन बुनियाद में भाग लेकर अच्छे अंकों से अपना नाम दर्ज करवाया है। काजल राजकीय माध्यमिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा है। इसके इलावा काजल बाल संस्कार केंद्र मारकंडा मंदिर में जोकि आरएसएस से संबंधित है जिसको आरएसएस के स्वयंसेवक सेवानिवृत्त मास्टर नरेंद्र शर्मा पिछले 17 वर्षों से मारकंडा मंदिर के सहयोग से काफी बच्चों को शाम के समय निशुल्क पढ़ाने का काम कर रहे हैं। नरेंद्र शर्मा ने बताया कि काजल पहली कक्षा से बाल संस्कार केंद्र की छात्रा है और वह हर कक्षा में अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण होती आ रही है। काजल के घर का हाल देखे तो घर में बिजली की व्यवस्था भी नहीं है और छुट्टी वाले दिन वह अपने पिता के साथ मजदूरी में हाथ बटाती है।

**खबर संक्षेप**

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अमन को गिरफ्तार किया है। इस मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। परिवादी राजू उर्फ भगत ने 3 अगस्त 2022 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि नमस्ते चौक पर स्थित उसकी दुकान की छत उखाड़कर उसके गल्ले से किसी ने एक बड़ी रकम चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धमकी देने के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी रूपिंद्र सिंह, मलकीत सिंह, कुलबीर सिंह, जसबीर सिंह उर्फ जसविंद्र को गिरफ्तार किया है। गोला गांव के बब्बर सिंह ने 26 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने उसके परिवार के सदस्यों से मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### 21 वाहनों के चालान किए

**अंबाला।** सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राइविंग निर्धारित करने व बांई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्रवाई करने हेतू पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस के जवानों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। नियमों की उल्लघंना करने पर 21 भारी वाहनों के चालान किए गए।

### कोरोना काल से बंद पड़ी ट्रेनें चालू करने की मांग

**बराड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रवीण भार्गव ने भाजपा के प्रदेश व केंद्रीय नेतृत्व से बराड़ा रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल के दौरान बंद पड़ी ट्रेनों को फिर से चालू करने और व अन्य ट्रेनों के ठहराव की मांग की। भार्गव ने कहा कि रेलवे स्टेशन के अधीन लगभग 100 से अधिक गांव आते हैं, जिसके हजारों डेली पैसेंजर्स, छात्र और मजदूर अंबाला और यमुनानगर की यात्रा करते हैं। सभी को कोरोना काल में बंद हुई ट्रेनों के कारण यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### मारपीट और धमकी देने के आरोप में चार गिरफ्तार

**बराड़ा।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने 28 जून को चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रूपिंदर सिंह, मलकीत सिंह, कुलबीर सिंह और जसबीर सिंह के रूप में हुई है। ये सभी गांव गोला, थाना मुलाना, जिला अम्बाला के रहने वाले हैं। शिकायतकर्ता बब्बर सिंह ने 26 जून को शिकायत दर्ज कराई थी कि 24 जून को आरोपियों ने उनके और उनके परिवार से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## परिषद अधिकारियों को ठहराया जिम्मेदार, इनेलो ने की कार्रवाई की मांग

# सुभाष पार्क फूडकोर्ट के दोनों हॉल खाली भुगतान किए बिना ही भाग गए ठेकेदार

**जिस अधिकारी की गलती से नगर परिषद को यह नुकसान हुआ है उससे वसूल किया जाए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** खाली किए गए हाल का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

सुभाष पार्क मे बने दो फ़ूडकोर्ट के किराये की वसूली न कर पाने के लिए नगरपरिषद छावनी के कार्यकारी अधिकारी व अन्य अधिकारियो को कटघरे मे खड़े करते हुए इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने कहा कि नगर परिषद द्वारा सुभाष पार्क मे बने दो फ़ूडकोर्ट मे से हाल नंबर 1 अंबाला शहर की फर्म और हाल नंबर 2 अंबला छावनी की फर्म को किराए पर दिया गया था। किरायनामा के प्रावधानानुसार यदि किरायेदार लगातार किराया देने मे चूक करता है तो कार्यकरी अधिकारी प्रेमिसेस को सील कर सकता था। सूचना के अनुसार दोनों ही संस्थाओं ने समय पर नहीं दिया और दोनों ही संस्थाओ ने किराएनामे की शर्तों का उल्लंघन किया। सूचना अनुसार हाल नंबर 1 पर अक्तूबर 2022 के बाद का 41,21,809 रुपये और हाल नंबर 2 का किराया अक्तूबर 2023 तक 31,21,135 रुपये किराया बकाया था। प्रश्न यह उठता है कि किसी आम व्यक्ति के थोड़े से किराए या टैक्स की राशि बकाया होने पर नगर परिषद अधिकारी आकर उस की सम्पत्ति सील कर देते हैं तो फिर इन दो हाल के किराएदारों का 41 लाख और 31 लाख से अधिक किराया बकाया होने पर भी इनका हाल सील क्यों नहीं किया गया। मौके पर जाकर हाल की स्थिति देखी गई तो पता लगा कि हाल में से दोनों किराएदार सारे का सारा सामान भी उठा कर ले गए हैं। यह जिम्मेदारी किसकी थी यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है किस अधिकारी की गलती से किराएदार दोनों हाल में से अपना सारा सामान भी उठा कर ले गए। उन्होंने मांग की कि जिस अधिकारी की गलती से नगर परिषद को यह नुकसान हुआ है उस अधिकारी से यह नुकसान वसूल किया जाए और उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाए।

# खेतों में पानी देने को लेकर हुआ विवाद

■ पीड़ित ने जातिसूचक शब्द कहने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

खेतों में पानी देने को लेकर उपजे विवाद में गांव घेलड़ी के एक व्यक्ति पर हमला करने का मामला सामने आया है। गांव घेलड़ी के बलविंद्र कुमार पर पानी देने को लेकर हुए विवाद में हमला हुआ है। हमला तब हुआ जब वह और उनकी पत्नी सुनीता अपने खेतों में काम कर रहे थे। बलविंद्र कुमार ने बताया कि जब वे अपने खेतों में पहुंचे तो देखा कि दर्शन लाल, प्रदीप कुमार, और दर्शन लाल का पोता हर्ष उनके ट्यूबवैल से पाइपलाइन लगाकर पानी ले रहे थे। बलविंद्र कुमार ने उन्हें पानी देने से मना किया और कहा कि जमीन को लेकर मामला कोर्ट में चल रहा है। इस पर दर्शन लाल ने कोर्ट के आदेशों को मानने से इनकार करते हुए बलविंद्र कुमार को धमकी दी कि वह उन्हें 8 जुलाई से पहले ही खत्म कर देगा। पीड़ित का आरोप है कि उसकी पत्नी सुनीता ने दर्शन लाल को शांति से बात करने के लिए कहा, लेकिन दर्शन लाल ने उनके साथ भी गाली-गलौच की और गंदी-गंदी गालियां दीं। बलविंद्र कुमार ने जब दर्शन लाल को ट्यूब खोलने के लिए कहा, तो दर्शन लाल ने डंडे से उनके कमर और बाजू पर वार किया। प्रदीप कुमार ने कुल्हाड़ी से हमला किया, जिससे बलविंद्र कुमार की बाई बाजू पर चोट लगी। मौके पर मौजूद अमरजीत सिंह और हरबंस सिंह ने बलविंद्र कुमार को बचाया। हमलावर दर्शन लाल और प्रदीप कुमार बलविंद्र कुमार के ट्यूबवेल की ग्रिप निकाल कर ले गए जान से मारने की धमकी देकर चले गए। हमले के बाद बलविंद्र कुमार को इलाज के लिए उनकी पत्नी सुनीता सीएचसी अस्पताल मुलाना लेकर गई जहां डॉक्टरों ने उन्हें गंभीर चोटों के कारण सिविल अस्पताल अंबाला कैंट रेफर कर दिया। बलविंद्र कुमार ने अस्पताल में बयान दर्ज कराते हुए बताया कि प्रदीप ने उसे धमकी दी थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




# 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब' मूवी नेटफ्लिक्स पर 10 जुलाई से

**चंडीगढ़।** मजेदार कॉमेडी के चलते फिल्म इतना हंसाएगी की हंसते-हंसते दर्शकों के पेट में हो जाएगा दर्द। फुकरे 3 में धमाल मचाने के बाद एक बार फिर वरुण शर्मा अपनी कॉमेडी ड्रामा लेकर वापस लौट रहे हैं लेकिन इस बार थिएटर्स में नहीं बल्कि ओटीटी पर।

अभिनेता की आगामी फिल्म वाइल्ड वाइल्ड पंजाबी की स्टारकास्ट चंडीगढ़ पहुंची। सिमरप्रीत सिंह के निर्देशन में बनी फिल्म वाइल्ड वाइल्ड पंजाबी का निर्माण लव रंजन और अंकुर गर्ग ने किया है। फिल्म में इशिता राज, पत्रलेखा, सनी सिंह, वरुण शर्मा, मंजोत सिंह, जस्सी गिल और राज हुंडल जैसे कलाकार लीड रोल में हैं। मूवी 10 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग के लिए 13 से रोष प्रदर्शन

■ पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष समिति का ऐलान, काले कपड़े पहन कर करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** पुरानी पेंशन बहाली के लिए एकजुट होते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

पेंशन भली संघर्ष समिति जिला अंबाला की टीम ने विभन्नि विभागों में जाकर सभी एनपीएस कर्मचारियों को अंबाला शहर में 13 जुलाई सेक्टर 7 पार्क नजदीक पंचायत भवन अंबाला से लघु सचिवालय तक को होने वाले पेंशन महासम्मेलन और पेंशन आक्रोश मार्च के लिए आमंत्रित किया।साथ ही सभी साथियों को एक सितंबर 2024 को होने वाले राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री आवास घेराव पंचकूला के लिए भी आमंत्रित किया गया। जिला प्रधान रमेश कुमार ने बताया कि पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा लगातार 2018 से पुरानी पेंशन की लड़ाई लड़ रहे हैं लेकिन सरकार ने अभी तक हमारी मांग को गंभीरता से नहीं लिया है। उन्होंने बताया कि 13 जुलाई को होने वाले पेंशन आक्रोश मार्च में सभी कर्मचारी काले कपड़े पहन कर।अपना विरोध दर्ज कराएंगे। इसके बाद एक सितंबर 2024 को पूरे राज्य के सभी विभागों के कर्मचारी पंचकूला में मुख्यमंत्री आवास घेराव करेंगे जिसकी पूर्णता जम्मिेवारी सरकार की होगी। उन्होंने कहा कि सरकार को हमारी मांग पर गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए।यह 2 लाख एनपीएस पेंशन से एनपीएस पीड़ित पीड़ित कर्मचारियों और उनके परिवार के भवष्यि का सवाल हैं। जिला महासचिव सुदेश कुमार ने कहा कि एनपीएस के तहत 500,700,1200,2000 रुपये तक की पेंशन बन रही है जो कर्मचारियों के साथ एक भद्दा मजाक है।इस कर्मचारियों का गुजारा नहीं कर पा रहे हैं। जिला संयोजक विजय कुमार ने कहा कि सभी एनपीएस कर्मचारी अपनी मांग के लिए एकजुट है। इस अवसर राज्यकार्यकारणी से कमलदीप और आनंद कंवर,ब्लॉक अंबाला प्रधान हैप्पी पांचाल,ब्लॉक अंबाला महासचिव दलबीर सिंह सहित अन्य विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रिटायर्ड कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी

■ सभी वर्ग सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति पर चले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


**बराड़ा।** बैठक की जानकारी देते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

विधानसभा के चुनाव निकट देखकर सभी वर्ग सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति पर चलते हुए लामबंद होने लगे हैं। इसी मुद्दे को लेकर हरियाणा पेंशनर वेलफेयर सोसाइटी खंड इकाई की कार्यकारिणी की एक आपात बैठक का आयोजन प्रधान बृजमोहन गोयल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सरकार को सेवानिवृत कर्मचारियों के कार्ड तत्काल बनाने, 65,70, 75 व 80 वर्ष की आयु होने पर मूल पेंशन में क्रमशः 5%, 10%, 15%, तथा 20% की वृद्धि करना, चिकित्सा भत्ता 3000 मासिक दर से भुगतान करने, पारिवारिक पेंशन में एल.टी.सी सुविधा प्रदान करने, 31 दिसंबर से 30 जून के बीच सेवा निवृत कर्मचारियों को एक वार्षिक वृद्धि प्रदान करने, कंप्यूट अवधि मासिक कटौती 15 वर्ष से घटाकर 10 वर्ष करने आदि चिरलंबित मांगों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का अनुरोध करते हुए संघ ने सरकार को चुनाव से पूर्व सभी न्याय संगत मांगों को पूरा करने की चेतावनी जारी कर कहा कि अन्यथा चुनाव में सत्ता पक्ष परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे। संघ ने सरकार को स्मरण कराया कि समय-समय पर सेवानिवृत कर्मचारियों की सभी मांगों को उचित बताकर सरकार सैद्धांतिक रूप से शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन देती रही है। परंतु धरातल पर कार्रवाई अमल में न लाने से संघ में गहरा रोष व्याप्त है। संघ ने सरकार के सभी रोगों के उपचार हेतु कैशलेस प्रणाली आरंभ करने संबंधित अधिसूचना जारी कर ने पर आभार जताया।

### सामुदायिक केंद्र की गली में नाली तोड़ने पर हंगामा

**बराड़ा।** गांव घेलड़ी गांव में बने सामुदायिक केंद्र की गली और नाली को तोडऩे को लेकर उपजे विवाद में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। यह मामला प्रताप सिंह और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ दर्ज किया गया है, आरोपियों ने पंचायत द्वारा बनाई गई गली और नाली को तोडक़र अपनी जमीन में मिलाने का प्रयास किया।

जब प्रदीप कुमार ने उसे रोका, तो प्रताप सिंह ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौच किया। घटना की जानकारी मिलने पर पंचायत सचिव मौके पर पहुंचे और प्रताप सिंह का काम रुकवाया। प्रदीप कुमार ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रताप सिंह और उसके परिवार के सदस्यों को काम रोका। पुलिस के जाने के बाद, प्रताप, उसकी माता शारदा और पत्नी ने दूसरी मेन गली में जाकर भूषण कुमार पुत्र शिवकुमार के साथ हाथापाई की। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

# पीएम श्री योजना की चयनित ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

■ शिक्षकों को नई तकनीक से करवाया गया प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


**बराड़ा।** कार्यशाला में भाग लेते हुए प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

पीएम श्री योजना के अंतर्गत चयनित स्कूलों को अपग्रेड करने का कार्य तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में जिला परियोजना संयोजक अधिकारी सुधीर कुमार कालड़ा के मार्गदर्शन में और प्रधानाचार्य जगदीश मेहरा के नेतृत्व में गांव उगाला के पीएम श्री स्कूल में तीन दिवसीय ऑनलाइन शिक्षक क्षमता वर्धन कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्याशाला में प्रधानाचार्य सहित कुल 33 शिक्षकों ने भाग लिया। खंड संयोजिका अधिकारी मोनिका और खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार राणा के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पीएम श्री स्कूलों के शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के तहत आने वाले बदलावों के बारे में संपूर्ण जानकारी प्रदान करना था। इस कार्यशाला में खंड कोऑर्डिनेटर वीरेंद्र सिंह बीआरपी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों को नवीनतम तकनीकों के साथ प्रशिक्षित किया गया ताकि वे छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सके। इसमें विज्ञान की तीन शाखाएं, भाषा लैब, भूगौलिक लैब और डिजिटल लैब की स्थापना पर विशेष ध्यान दिया गया। कुछ विद्यालयों में बच्चों को रोबोटिक्स के बारे में भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। पीएम श्री योजना के तहत देशभर के विभिन्न स्कूलों का चयन किया गया है और उन्हें अपग्रेड किया जा रहा है। इन स्कूलों में स्मार्ट क्लास की सुविधाएं भी मुहैया कराई जा रही हैं ताकि छात्र अध्ययन के साथ-साथ अपने भविष्य के लिए अधिक सजग हो सके। शिक्षा मंत्रालय द्वारा इन स्कूलों के शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं बनाई गई हैं।

# कारगिल युद्ध स्मारक के लिए रवाना

■ 25वां कारगिल विजय दिवस पर भारतीय सेना डी5 मोटरसाइकिल रैली को झंडी दिखाकर किया रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** कारगिल स्मारक के लिए रवाना हुए बाइक सवार। फोटो : हरिभूमि

खड़गा कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने , अमृतसर, जम्मू, श्रीनगर से होते हुए कारगिल युद्ध स्मारक, द्रास के लिए डी5 मोटरसाइकिल रैली के 16 सवारों की एक टीम को सुबह अंबाला छावनी से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले यहां अंबाला छावनी में मेजर जनरल अनूप सिंघल, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, डीप स्ट्राइकर्स डिवीजन द्वारा स्वागत किया गया था। अब अमृतसर (पंजाब) की ओर जाएगा। पाकिस्तान पर भारतीय सेना की जीत की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में, भारतीय सेना की डी5 (दिनजन, धनुषकोडी, द्वारका, दिल्ली और द्रास) मोटरसाइकिल रैली को इस से पूर्व 12 जून, 2024 को देश के तीन कोनों - द्वारका (पश्चिम), धनुषकोडी (दक्षिण) और दिनजन (पूर्व) से हरी झंडी दिखाई गई थी। कुल 32 सवारों वाली तीन टीमें, देश के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों से गुजऱने के बाद दिल्ली में एकत्र हुईं और सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे द्वारा उन्हें 27 जून को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, दिल्ली में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। दिल्ली से आगे ये राइडर्स दो टीमों में 16-16 राइडर्स के साथ दो अलग-अलग मार्गों से यात्रा कर रहे हैं। एक जोजिला, सरचू, न्योमा एक्सिस के मार्ग से और दूसरा अंबाला, अमृतसर, जम्मू, श्रीनगर मार्ग से 8 जुलाई, 2024 को द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पहुंचेंगे।

## छुट्टियों में किए गृहकार्य पर गूगल फार्म पर फीडबैक देंगे अभिभावक

# छुट्टियों में छात्रों का कैसा रहा घर पर व्यवहार बताएंगे परिजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



गर्मियों की छुट्टियों के बाद 1 जुलाई से स्कूल खुलने जा रहे हैं1 ऐसे में एक महीने के दौरान विद्यार्थियों द्वारा किए गए होमवर्क का अब रिव्यू किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी अभिभावकों को सौंपी गई है1 बाल वाटिका से लेकर पांचवी कक्षा के होमवर्क को रिव्यू करने के लिए यह तैयारी की जा रही है इस बार इन कक्षा के छात्रों को अलग से होमवर्क दिया गया था लेकिन घर पर इस दौरान छात्रों का व्यवहार कैसा रहा? उन्होंने स्कूल द्वारा दिए गए होमवर्क को कैसे किया? यह सभी जानकारी अभिभावक विभाग को देंगे1 जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बताया कि जिले में प्राथमिक स्कूलों की संख्या 478 है1 अक्सर अभिभावक बताते हैं कि उनके बच्चों द्वारा अच्छा काम तो किया गया लेकिन उन्हें कोई शाबाशी अथवा सकारात्मक टिपण्णी नहीं मिलती 1 ऐसे में अब अभिभावक खुद ही बच्चों का आंकलन करेंगे 1 इसके लिए बच्चों के गृहकार्य बारे एक गूगल फॉर्म पर अभिभावकों से कुछ प्रश्न पूछे जाएंगे जिसके आधार पर बच्चों को अंक दिए जाएंगे1 इस सब के लिए जिला स्तर पर कक्षावार एक गूगल फॉर्म भी तैयार कर लिया गया है जिसे सभी अभिभावकों के साथ साँझा किया जायेगा1 इसमें छात्रों के व्यवहार से लेकर उन्होंने ग्रीष्मकालीन अवकाश में क्या-क्या गतिविधियां की? उन्हें घर के सभी सदस्यों के फोन नंबर आधार नंबर याद है या नहीं? इस तरह के सवालों को पूछा जाएगा1 यह गूगल फॉर्म फोन के माध्यम से अभिभावकों तक पहुंचेगा जिसे भरना सभी के लिए अनिवार्य होगा1 प्राइमरी स्तर पर छात्रों को इस बार निपुण हरियाणा मिशन के तहत होमवर्क दिया गया था जिसमें छात्रों को अपने माता-पिता और इसमें प्राइमरी स्तर के बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए कार्य हो रहे हैं1 ऐसे में बच्चों के स्कूल एक्टिविटी के साथ-साथ होमवर्क पर भी इस बार खास नजर रखी जा रही है1 एक महीने में बच्चों ने घर में क्या-क्या एक्टिविटी की, उसका असर हुआ है, इसको लेकर पूरी रिपोर्ट तैयार होगी1 30 जून तक स्कूल में गर्मी की छुट्टियां हैं1 1 जुलाई से स्कूल खुल जाएंगे1 इसके बाद अगले 15 दिन में स्कूल में पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन किया जाएगा इस मीटिंग के बाद उसे छात्रों को उस के बारे में बताया जाएगा1 गौरतलब है कि छुट्टियां शुरू होने से पहले भी पीटीएम आयोजित की जानी थी 1 लेकिन बढ़ती गर्मी के चलते इस बार समय से पहले छुट्टियां कर दी गई थी। स्कूल खोलने के बाद जुलाई महीने में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत एंडलाइन असेसमेंट की तैयारी भी की जा रही है 1 बच्चों द्वारा अप्रैल में की गयी पढ़ाई के सिलेबस और जून माह में किये गए ग्रीष्मकालीन गृहकार्य के आधार पर बच्चों का यह प्रस्तावित आंकलन किया जाएगा 1